# अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण)

**लडापुरा वाटर वर्क्स के निकट, झालू रोड, बिजनौर(उ0प्र0)**

**(दूरभाष/फैक्स : 01342—252649)**

**E-mail: ee_bjn_cdupjn@yahoo.co.in**


पत्रांकः 4345/ प्रेस कटिंग /36 दिनांकः—21.08.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषय :—** **उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ से प्राप्त प्रेस कटिंग पर आख्या का प्रेषण।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके कार्यालय से द्वारा प्राप्त दैनिक भास्कर दिनांक 09 अगस्त 2026 प्रेस कटिंग **'' खुशालपुर में जल जीवन मिशन की मोटर खराब, एक महीने से पानी सप्लाई ठप, ग्रामीण परेशान''** खण्ड कार्यालय को आख्या उपलब्ध कराने हेतु प्राप्त हुई है। आपके द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुपालन में उक्त पर आख्या निम्नानुसार सादर प्रेषित हैः—

| प्रेस कटिंग | आख्या |
|---|---|
| बिजनौर के खुशालपुर गांव में जल जीवन मिशन योजना विफल होती दिख रही है। यहां नवनिर्मित ओवरहेड टंकी की मोटर पिछले एक महीने से खराब पड़ी है, जिससे पूरे गांव में पानी की आपूर्ति ठप है। ग्रामीण पेयजल संकट से जूझ रहे हैं।<br>जल जीवन मिशन के तहत खुशालपुर में कुछ समय पहले ही एक नई पानी की टंकी का निर्माण किया गया था। इस योजना का उद्देश्य हर घर में नल से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना था। हालांकि, टंकी बनने के बाद से ही पानी की नियमित आपूर्ति नहीं हो पा रही है।<br>ग्रामीणों के मुताबिक, लगभग एक महीने पहले टंकी को भरने वाली मोटर अचानक जल गई थी। शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद अब तक मोटर की मरम्मत नहीं की गई है, जिसके कारण टंकी खाली पड़ी है और पाइपलाइनों में पानी नहीं पहुंच रहा है।<br>गर्मी और उमस के इस मौसम में पानी की कमी से महिलाओं और बच्चों को विशेष परेशानी हो रही है। स्थानीय निवासी नरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया, ष्नल तो हर घर में लगे हैं, लेकिन पिछले एक महीने से उनमें पानी की एक बूंद भी नहीं आई है। हमें 500 मीटर दूर हैंडपंप से पानी लाना पड़ रहा है।ष<br>ग्रामीण महेंद्र सिंह ने सवाल उठाया, ष्टंकी बनाने में लाखों रुपये खर्च हुए, लेकिन अगर मोटर ही नहीं चलेगी तो इसका क्या फायदा?ष उन्होंने अधिकारियों पर केवल आश्वासन देने का आरोप लगाया। ओमप्रकाश नामक एक अन्य ग्रामीण ने बताया कि जल निगम और संबंधित विभागीय अधिकारियों को कई बार शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन हर बार उन्हें ष्जल्द मोटर ठीक करा देंगेष कहकर टाल दिया जाता है।<br>इस संबंध में जल निगम के जेई सचिन देव शर्मा ने बताया कि नई मोटर खरीदने के लिए टेंडर प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मोटर आते ही उसे तुरंत लगाकर पानी की आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।<br>ग्रामीण ओमप्रकाश, महेंद्र, नरेंद्र, तुलाराम और वसीम सहित अन्य ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जल जीवन मिशन की जमीनी हकीकत की जांच की जाए। उन्होंने अजीमुल्ला नगर में तुरंत वैकल्पिक व्यवस्था के साथ नई मोटर लगाकर पानी की आपूर्ति बहाल करने और समस्या के समाधान तक टैंकरों से पानी उपलब्ध कराने की अपील की है। | जनपद बिजनौर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम खुशहालपुर, अजीमुल्लानगर विकास खण्ड अफजलगढ में फेज—।।। के अन्तर्गत कार्यदायी एजेन्सी मै0विंध्या टेलीलिंक्स लि0 द्वारा पेयजल योजना का निर्माण कार्य किया जा रहा है।<br>योजना के अन्तर्गत दिनांक 14.08.2026 को सम्बन्धित समबन्धित जूनियर इंजीनियर एवं एजेन्सी के इंजीनियर द्वारा योजना का निरीक्षण किया गया एवं अवगत कराया गया कि योजना के अन्तर्गत अवर जलाशय, टयूबवैल, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवाल, का कार्य पूर्ण है एवं पाइप लाईन का कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण है, मात्र राइजिंग मेन एवं कैम्पस का कार्य अवशेष है ग्राम में डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है, वर्तमान में योजना की मोटर फूंक जाने के कारण ग्राम में पेयजल आपूर्ति बन्द है एजेन्सी द्वारा अवगत कराया गया है कि एक सप्ताह में मोटर ठीक कराकर पेयजल आपूर्ति सुचारु करा दी गयी जायेगी एवं में अवशेष कार्य एक माह में पूर्ण कर अवर जलाशय के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जायेगीं।<br>एजेन्सी के पत्रांक VTLGaja-JV/SWSM/Bijnor/2026-27/1639 Dated 20-08-2026 के द्वारा योजना पर कार्यो की वर्तमान स्थिति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया है कि योजना के अन्तर्गत उपरोक्तानुसार कार्य पूर्ण है, एक सप्ताह में मोटर ठीक कराकर पुनः पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया है एवं एवं अवगत कराया गया है कि 01 माह में अवशेष कार्य पूर्ण कर ग्राम में अवर जलाशय के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जायगी।<br>योजना के कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने एवं ग्राम में नियमित रुप से जलापूर्ति किये जाने के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा भी एजेन्सी को निर्देशित कर दिया गया हैं। |

**भवदीय**

**(राकेश चौधरी)**
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0एवं दिनांक उपरोक्तानुसार

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1— मुख्य अभियन्ता(मुरा0क्षे0), उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2— अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3— जिलाधिकारी महोदया, बिजनौर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4— जिला सूचना अधिकारी, बिजनौर को सूचनार्थ प्रेषित।
5— श्री दीपक कुमार सहायक अभियन्ता/श्री प्रदीप कुमार जूनियर इंजीनियर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

6– प्रोजेक्ट मैनेजर, मैसर्स विंध्या टेलीलिंक्स लि0–गजा इंजी0प्रा0लि0 बिजनौर को इस निर्देश के साथ कि योजना के अवशेष कार्य शीघ्र पूर्ण कर पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें।

/
अधिशासी अभियन्ता

## Vindhya Telelinks Limited - Gaja Engineering Private Limited JV

Club 125, 6th Floor, Tower 'A', Plot No.-3,4 & 5, Sector 125, Noida -201301, India
P: +91-120-4950/00 | F: +91-120-4950222 | E: epc.upjal@vtlrewa.com
PAN: AAHAV1983F | GSTIN: 09AAHAV1983F1Z4


**Ref: VTL-GAJA JV/SWSM/BIJNOR/2026-27/1639** **Date: 20-08-2026**

To,
The Executive Engineer,
UP Jal Nigam, Near, Laddapura Water
District **Bijnor**, U.P.

**Project**: - "Implementation of various **Rural Water Supply** projects in the State of Uttar Pradesh under Jal Jeevan Mission-III, District Bijnor, and Moradabad Division.

Subject: In reference **of Digital Media Complaint at scheme Ajimullahnagar (Khushalpur)** Block Afjalgarh **under JJM-Phase-III in District Bijnor, Moradabad Division, and U.P.**

**Ref**.:

1. NIT No. 2481/W-22/NIT/2020-21 dated 27/10/2021.
2. LOA No. 3558/W-25 (Moradabad)/2021-22 dated 07/01/2022.
3. Agreement No. 01/ED/Phase-3/2021-22 dated 07/01/2022.

Dear Sir,

With reference to the above cited subject, we would like to inform you that we had been nominated as implementing agency for the work of Rural Water Supply projects under Jal Jeevan Mission-III, District Bijnor.

In reference to the Digital Media Complaint regarding the scheme at Ajimulahnagar, Block Afjalgarh, concerning the completion of execution work and the commencement of regular water supply in the scheme, we would like to inform you that all civil work at Ajimulahnagar has been completed, and only the Rising Main and campus work are pending. In this scheme, we have completed the distribution network (DN) work (95%) and started regular water supply through direct pumping. Currently, regular supply is interrupted due to a burnt motor, which we will rectify within a week. Additionally, within a month, we will complete the pending work and start regular supply through the OHT

Thank you for your attention and cooperation.

**For and on behalf of Vindhya Telelinks Limited - Gaja Engineering Pvt. Ltd. JV,**

Authorized Signatory

ग्राम पंचायत अजीमुल्लानगर (खुशहालपुर) विकास खण्ड अफजलगढ़ जनपद बिजनौर।










